अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, शनिवार, 3 जनवरी 2026

सुविचार

जो चीज आप सच में मानते हैं, वही होती है, और किसी चीज पर विश्वास ही उसे घटित करवाता है।

-फ्रैंक लॉयड राइट

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- केजीएमयू के जूनियर रेजिडेंट पर 25 हजार इनाम घोषित II
- 7 से डबल डेकर ई-बस से करें लखनऊ दर्शन III
- छात्रों ने गणितीय मॉडल से रामानुज को याद किया IV

शहर में आज

- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में छात्रों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता- 10:00 बजे।
- शहीद स्मारक पर महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर संगठनों का प्रदर्शन- 3:00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

सिटी ब्रीफ

आज और कल जमा करें गृहकर

अमृत विचार, लखनऊ : शनिवार और रविवार को सभी जोनल कार्यालय व कर काउंटर खुले रहेंगे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि सुबह 10 से अपराह्न 2 बजे तक काउंटर पर गृहकर जमा किया जाएगा। भवन स्वामियों की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दोनों दिन सभी जोनल कार्यालयों में भवनस्वामियों का कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण तथा कर जमा कराने से संबंधित समस्त कार्य किए जाएंगे।

पौष पूर्णिमा पर आज होगा स्नान

अमृत विचार, लखनऊ : पौष माह की पूर्णिमा शुक्रवार को शाम 6:54 बजे से शनिवार को शाम 5:35 बजे तक रहेगी। स्नान दान शनिवार सुबह होगा। मान्यता है कि पूर्णिमा पर पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य और सूर्यदेव को अर्घ्य देने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पौष पूर्णिमा से माघी के पवित्र स्नान की शुरुआत होती है। तीर्थराज प्रयागराज में मेला 3 जनवरी से 15 फरवरी तक चलेगा। समापन महाशिवरात्रि पर होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को वसंत पंचमी और 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर प्रमुख स्नान होंगगे। ब्रह्म मुहूर्त में स्नान-दान श्रेष्ठ फलदायी होता है। माघ मेले में अन्न, तिल, वस्त्र, कंबल और बिस्तर का दान करने से सुख-समृद्धि और ग्रह दोष शांति का लाभ मिलता है।

मत्स्य पालन के लिए 7 तक करें आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सघन मत्स्य पालन के लिए एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन कम आने पर 7 जनवरी पर पोर्टल खोला गया है। इच्छुक व्यक्ति परियोजना का विवरण व इकाई लागत आदि साइट पर देखकर आवेदन कर सकते हैं। जानकारी संबंधित कार्यालय पर भी कर सकते हैं।

ओटीएस के प्रथम चरण का आज अंतिम दिन

अमृत विचार लखनऊ : बिजली विभाग की एकमुश्त समाधान योजना के पहले चरण में पंजीयन का शनिवार को अंतिम दिन है। एरियर में 100 प्रतिशत और मूलधन में पच्चीस प्रतिशत की छूट का आखिरी मौका है। मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि योजना के और बढ़ने की उम्मीद नहीं है। उपभोक्ता शनिवार को पंजीयन कराकर छूट का लाभ ले सकते हैं। योजना समाप्त होने के बाद बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण इलाकों के किसान निजी नलकूपों से जुड़े बकाया बिलों का निपटारा कर सकते हैं। अप्रैल 2023 के बाद से किसी भी किसान से निजी नलकूप का बिजली बिल नहीं लिया गया है। पुराने बिलों के रिवीजन से जुड़े मामलों में सुधार कर एकमुश्त समाधान का लाभ दिया जाएगा।

इमामबाड़े में पेशाब करने वाले पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनाबाद स्थित बड़े इमामबाड़े की छत पर पेशाब करने वाले युवक के खिलाफ चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। हुसैनाबाद ट्रस्ट के सहायक कार्यालय अधीक्षक हबीबुल हसन की तहरीर के अनुसार, वीडियो में युवक इमामबाड़े की छत पर पेशाब करते दिख रहा है। यह धार्मिक स्थल होने के कारण लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ट्रस्ट कार्यालय से सीसीटीवी फुटेज भी मांगी। चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर आरोपी को चिह्नित कर जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

स्कूलों में बच्चे अखबार पढ़ेंगे तो दिमाग में शब्दकोष गढ़ेंगे

अमृत विचार

EXCLUSIVE

अमृत विचार, लखनऊ : अखबार पढ़ने से बच्चों में न केवल ताजा घटनाओं और वैश्विक जानकारियों से अवगत होंगे, बल्कि उनमें विज्ञान, आर्थिक व सामाजिक सरोकारों का ज्ञान भी बढ़ेगा। वह राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय के वर्तमान परिदृश्य से भी वाकिफ होंगे और उनका शब्द भंडार भी मजबूत होगा। सबसे बड़ी बात कि इंटरनेट के युग में उनकी पढ़ने की आदत विकसित होगी। ये राय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को समाचार पत्र पढ़ने के आदेश को लेकर शिक्षाविदों ने अमृत विचार संवाददाता मार्कण्डेय पाण्डेय से विशेष बातचीत में कही। उच्चशिक्षा से जुड़े शिक्षाविदों ने सरकार के इस फैसले का मुक्त कंठ से स्वागत किया है।

फेक न्यूज के दुष्प्रभाव से मिलेगा छुटकारा

राजश्री पाण्डेय।

प्रो. आर पी सिंह।

- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की कैप्टन राजश्री पाण्डेय ने कहा कि बच्चे मोबाइल पर समय बिताना पसंद करते हैं, अखबार से उनके अंदर पढ़ने की आदत के साथ सामान्यज्ञान और महत्वपूर्ण सोच विकसित होगी। फोमो (फियर ऑफ़ मिसिंग आउट) अर्थात "कुछ छूट जाने के डर" से और फेक न्यूज़ के दुष्प्रभावों से भी छुटकारा मिलेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक -प्रो. आर पी सिंह ने कहा कि समाचार पत्र हमें विज्ञान, समाज और संस्कृति से जोड़ते हुए न केवल नवीनतम जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि निरंतर नए विचारों के लिए प्रेरित भी करते हैं। मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेज़ी से बदलते परिदृश्य में, छात्रों के सामने शिक्षा के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को प्रस्तुत करना आवश्यक है।

जागरूक नागरिकता को बढ़ावा मिलेगा

डॉ. अलका सिंह।

- डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविधालय की शिक्षक डॉ. अलका सिंह समाचार पत्र पढ़ने से बच्चों की पठन क्षमता, शब्दावली और सामाजिक, राजनीतिक व वैज्ञानिक विषयों की सामान्य समझ में निश्चय ही वृद्धि होगी। यह कम उम्र से ही जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच और जागरूक नागरिकता को बढ़ावा देने वाला कदम है। हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों समाचार पत्रों का अध्ययन द्विभाषी दक्षता को भी सशक्त करता है।

प्रमाणिक जानकारी मिलती है

प्रो. रचना श्रीवास्तव।

- प्रो. रचना श्रीवास्तव ने कहा कि समाचार पत्र पढ़ने से न केवल उन्हें प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने, अपने ज्ञान को समृद्ध करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने में सहायता मिलेगी, बल्कि यह उनके बढ़ते स्क्रीन टाइम पर भी अंकुश लगाएगा। कोविड के बाद से बच्चे पढ़ने के लाभों से लगभग पूरी तरह दूर हो गए हैं।

बचपन का ज्ञान सदैव साथ रहता है

प्रो. राकेश द्विवेदी।

प्रो. बंशीधर सिंह।

मुकुल श्रीवास्तव।

- लखनऊ विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि मनोवैज्ञानिकों द्वारा सिद्ध प्रयोग में भी यह पाया गया है की बचपन का ज्ञान सदैव साथ रहता है। एक ओर एक दिनचर्या निश्चित करने व अख़बार पढ़ने से बच्चों में लगातार पढ़ने की आदतों, भाषा शैली में सुधार तथा आसपास की ख़बरों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी जो कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होंगी। लविवि विधि विभाग के प्रो. बंशीधर सिंह ने कहा कि समाचार पत्र में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, अंतरराष्ट्रीय,धार्मिक, पर्यावरण, खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी के साथ साथ सम-सामायिक की सूचनाएं प्रकाशित होती है। मोबाइल फ़ोन व कंप्यूटर के दौर में विद्यार्थी अधिकतम समय बिताते हैं, जिससे वे समाचार पत्रों से दूर होते जा रहा हैं। इसका दुष्प्रभाव यह है कि वे न तो शुद्ध हिंदी और न ही शुद्ध अंग्रेज़ी लिख पाते हैं, न ही बोल पाते हैं। लविवि आरपीपीआर के निदेशक प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल युग में यह बच्चों को सूचना के विश्वसनीय स्रोतों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। बच्चों में रटने की आदत के बजाय दुनिया की घटनाओं को समझने और विश्लेषण करने की क्षमता विकसित होगी। उनकी शब्दावली और वर्तनी में सुधार होगा। यह पहल ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों के बीच ''ज्ञान की खाई'' को पाटने में मील का पत्थर साबित होगी।

बच्चों में बढ़ेगा संवाद

डॉ. सुप्रिया सिंह।

रजिया परवीन।

- खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रिया सिंह ने कहा कि अभिभावकों का बच्चों से समाचार पत्र के माध्यम से भी संवाद बढ़ेगा। इस विषय में वे ट्यूटर पर निर्भर नहीं रहेंगे। परिवार और समाज के अन्य बड़ों जिनके वे संपर्क में आते हैं उनसे संवाद बढ़ेगा, और उनसे विविध विषयों पर बातें करके उनकी समझ विकसित होगी। अनजाने ही वैचारिक रूप से परिपक्व होते रहेंगे। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज की प्रो. रजिया परवीन समाचार पत्र पढ़ना अनिवार्य करना सकारात्मक कदम है। छात्र कम उम्र से ही समाज, विज्ञान, पर्यावरण और राष्ट्रीय मुद्दों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर आलोचनात्मक सोच और जागरूकता को भी प्रोत्साहित करते हैं।

निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मिले प्रकरण, डीएम ने जताई नाराजगी

जिला उद्योग बंधु की बैठक में दिए जल्द निस्तारित करने के निर्देश

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

अमृत विचार : जिला उद्योग बंधु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी विशाख जी ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। समन्वयक बनाकर औद्योगिक क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कर निस्तारण करने के लिए भी कहा।

जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में औद्योगिक संगठनों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर चर्चा की और कारण पूछा। समय सीमा पर प्रकरण निस्तारित करने के सख्त निर्देश दिए। यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्र से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ अंतिम निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि नगर निगम ट्रांसपोर्टेशन के लिए प्रस्तावित दरों पर मुख्यालय से समन्वय करते हुए यह कार्यवाही करे।

बैठक में गोयला इंडस्ट्रियल एरिया में एलटी लाइन विकसित करने के लिए धनराशि की स्वीकृति पर संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन की सराहना की।

मेसर्स के फोटेइक्यूपमेंट ने इकाई के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं/अतिक्रमण को जिलाधिकारी द्वारा निस्तारित कराने पर उन्हें धन्यवाद दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिला अधिकारी, अपर नगर आयुक्त, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय अधिकारी पीसीबी, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा, एलडीए, नगर निगम व उद्योग से अधिकारी उपस्थित रहे।

औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासीपर बैठक सोमवार को

- बैठक में उद्यमियों ने अमौसी व सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की समस्या व अन्य समस्याएं भी उठाईं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस संबंध में सोमवार को बैठक होगी। इसमें नगर निगम, अपर जिलाधिकारी, नगर पूर्वी, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा, परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग, महाप्रबंधक/प्रोजेक्ट मैनेजर, सीएनडीएस व जिला उद्योग केंद्र अधिकारी आदि उपस्थित रहेंगे।

मेट्रो कास्टिंग यार्ड के संबंध में बैठक करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार। अमृत विचार

मेट्रो कास्टिंग यार्ड के लिए जमीन देगा एलडीए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हरदोई रोड स्थित एलडीए की बसंतकुंज योजना में लखनऊ मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का अस्थायी कास्टिंग यार्ड बनेगा। इसके लिए एलडीए 12.5 हेक्टेयर जमीन मेट्रो को देगा। यार्ड के दायरे में आई दुब्बगा मछली मंडी की जमीन आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित वरुण विहार योजना में समायोजन की जाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को पारिजात सभागार में मेट्रो के अधिकारियों के साथ परियोजना के लिए दी जाने वाली प्राधिकरण व नजूल भूमि के प्रस्तावों की समीक्षा की। बताया कि बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-के में 6 हेक्टेयर और राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण कार्यक्रम के लिए प्रबंध नगर योजना में निर्मित की गयी अस्थायी पार्किंग की 6.5 एकड़ भूमि चिन्हित की गयी है। जोकि, सहमति बनने पर मेट्रो के अस्थायी कास्टिंग यार्ड के लिए हस्तांतरित कर दी जाएगी। इसके अलावा मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-ए के दक्षिणी भाग में लगभग 18 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की है। इसमें दुबग्गा मछली मंडी की जमीन भी आ रही है। इसकी एवज में आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित वरुण विहार योजना में मछली मंडी के लिए उतनी ही जमीन दी जाएगी। उपाध्यक्ष से मेट्रो के अधिकारियों ने चौक, चारबाग, गौतम बुद्ध मार्ग समेत कुछ अन्य स्थानों पर भी भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि जल्द प्रस्तावित जगहों का सर्वे करके भूमि हस्तांतरित करने की एनओसी जारी कर दी जाए। इसके अलावा जो प्रस्ताव नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि से सम्बंधित हैं, उनके रिकॉर्ड एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करा दिये जाएं।

अटल विवि के कुलपति पद का साक्षात्कार टला

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कुलपति पद के साक्षात्कार को फिर से टाल दिया गया है। तीसरी बार साक्षात्कार की तारीख घोषित की गई है। बार-बार तारीख बदलने से चयन प्रक्रिया की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

कुलपति और कैंसर सर्जन डॉ. संजीव मिश्र का कार्यकाल 26 सितंबर 2025 को समाप्त हो चुका है। फिलहाल उन्हें कार्यवाहक कुलपति के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. मिश्र का ताल्लुक केजीएमयू सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग से है और उन्होंने करीब 13 वर्षों तक विभिन्न संस्थानों में अहम पद संभाले हैं, जिनमें 10 साल एम्स जोधपुर के निदेशक रहना शामिल है। कुलपति पद के लिए देशभर से 32 से ज्यादा डॉक्टरों ने आवेदन किया। स्क्रीनिंग के बाद 12 उम्मीदवारों को बुलाया गया था। 26 नवंबर को साक्षात्कार की तारीख मुकर्रर हुई थी, लेकिन बिना कारण टाल दी गई। इसके बाद 9 जनवरी को साक्षात्कार के लिए आवेदकों को आमंत्रित किया गया, जिसमें 18 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। अब तीसरी बार साक्षात्कार की नई तारीख 13 जनवरी शाम चार बजे तय की गई है। इसमें 3 से 5 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा और अंतिम निर्णय के लिए राजभवन अंतिम मुहर लगाएगा।

शहर में शुक्रवार की सुबह भी कोहरे से डूबी रही, दिन भर धूप न निकलने से लोग ठिठुरते रहे। अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 5.5 डिग्री कम 14.6 और न्यूनतम 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्द हवा के चलते लोगों ने चाय-कॉफी और अलाव का सहारा लिया। शनिवार को भी सुबह कोहरा होने और अधिकतम तापमान 17 व न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। - अमृत विचार

घने कोहरे के चलते विमानों का संचालन प्रभावित

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार: घने कोहरे के कारण शुक्रवार को विमानों का संचालन प्रभावित रहा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि कोहरे से दिल्ली से सुबह 6:30 बजे लखनऊ पहुंचा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान (आईएक्स 2171) चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। लो विजिबिलिटी के कारण एटीसी ने इस विमान को लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। एयरपोर्ट के ऊपर आसमान में काफी देर तक चक्कर काटता रहा। विमान ने यहां आसमान में 17 चक्कर काटे। इसके बाद उसे वापस दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। यही विमान बाद में लखनऊ से रियाद जाता है। इस विमान के वापस दिल्ली डायवर्ट किये जाने के कारण लखनऊ से सुबह 8 बजे रियाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 189) को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा मुंबई से रात 12:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 5264) करीब 45 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची। वहीं रियाद से शुक्रवार सुबह 9 बजे लखनऊ पहुंचने वाला फ्लायनास का विमान (एक्सवाई 333) दोपहर बाद 2:25 बजे लखनऊ पहुंचा। इसी तरह झारसुगुड़ा से सुबह 10:15 बजे लखनऊ आने वाली स्टार एयर की उड़ान (एस 5228) दोपहर 12:50 बजे लखनऊ पहुंची। हैदराबाद से दोपहर 1:55 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 453) शाम 4:50 बजे पहुंची। इसके अलावा कई विमान लेट हुए।

बैठक ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की चर्चा

सभी विभागों के साथ मिलकर बनाएं यातायात सुधार के लिए ब्लू प्रिंट

शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करते पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

अमृत विचार: राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित करने के लिए पुलिस कमिश्नर ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने यातायात पुलिस और नागरिक पुलिस को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए कि ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए आपसी समन्वय बढ़ाने और संबंधित विभागों के साथ मिलकर ब्लू प्रिंट तैयार करें। इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एलडीए, पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए समयबद्ध और अवसर विशेष डायवर्जन प्लान व डायवर्जन मैप तैयार किए जाएं। इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल की स्थायी और मोबाइल ड्यूटी लगाई जाए। यातायात पुलिस को 10 अतिरिक्त रेसर मोबाइल और 42 उपनिरीक्षक दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने अधिकारियों से कहा कि सड़क सुधार के दृष्टिगत नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और एलडीए के साथ समन्वय कर रोड इंजीनियरिंग से जुड़ी खामियों को पहले ही दूर करने पर बल दिया गया है। इसके अलावा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास करें।

पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी सख्ती के संकेत दिए गए हैं। पार्किंग स्थलों पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी एक मार्ग पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

आयोजनों की अनुमति से पहले पार्किंग का आकलन करें

- नगर निगम क्रेन के माध्यम से वाहनों को टो किए जाने की कार्रवाई के साथ उन मार्गों को भी चिह्नित करने करे जहां सड़क पर वाहन खड़े करने से जाम लगता है। ऐसे मार्गों पर भी क्रेन की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रमों और आयोजनों की अनुमति देने से पहले यातायात की सुगमता को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोजकों को मार्ग और पार्किंग स्थल पर पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक मार्शल तैनात करने होंगे। ट्रैफिक मार्शल की व्यवस्था न होने पर आयोजन की अनुमति निरस्त मानी जाएगी।

ग्रीन कॉरिडोर रोड का निरीक्षण कर खामियां दूर करें

- पुलिस आयुक्त ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर रोड तैयार होने के पहले ही एलडीए और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ ग्रीन कॉरिडोर मार्ग का निरीक्षण कर रोड इंजीनियरिंग की समीक्षा की जाए। संभावित यातायात चुनौतियों को चिन्हित कर उनके समाधान की कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि ग्रीन कॉरिडोर और उससे जुड़े मार्गों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। साथ ही आमजन में यातायात नियमों के प्रति सिविक सेंस विकसित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं।

47.65 करोड़ की सात बीघा जमीन कब्जामुक्त

अमृत विचार,लखनऊ : नगर निगम ने सदर तहसील अंतर्गत ग्राम कनौसी में बुलडोजर चलाकर सात बीघा सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त किया। कब्जामुक्त कराई जमीन की कीमत करीब 47.65 करोड़ रुपये है। शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम, राजस्व और पुलिस की टीम ग्राम कनौसी पहुंची। प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद एवं तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पांडेय की उपस्थिति में नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार व राजेन्द्र कुमार ने जमीन की पैमाइश कराई। इस दौरान सात बीघा जमीन नगर निगम की निकली। जिस पर लोगों ने कब्जा करके निर्माण कर रखा था। पुलिस, पीएसी के सहयोग से कब्जा ध्वस्त कर दिया गया।

सिटी ब्रीफ

दहेज के लिए विवाहिता को गर्म तवे से जलाया

अमृत विचार, आशियाना : थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता शालिनी सिंह निवासी सेक्टर-एल आशियाना ने पति समेत ससुराल पक्ष पर गला दबाकर जान से मारने के प्रयास, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसका विवाह एक वर्ष पूर्व रायबरेली जनपद के खीरो निवासी अमित कुमार से हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद ही कम दहेज को लेकर ससुराल पक्ष उसे प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि जून माह में पति, जेठ-जेठानी, ननद और ननदोई समेत अन्य परिजनों ने मिलकर उसका गला दबाया और गर्म तवे से जलाया। पीड़िता ने जेठ पर गलत नीयत रखने का भी आरोप लगाया है। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

बिना लाइसेंस शराब बेच रहे तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : नए वर्ष पर एक जनवरी को बिना लाइसेंस शराब बेच रहे तीन लोगों को काकोरी, सैरपुर और महिगवां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास नकदी, बीयर की कैन और शराब के पाउच बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि 1 जनवरी को गश्त के दौरान आउटर रिंग रोड मोहद्दीनपुर के पास चिलौली अंडरपास बाईपास से एक युवक को पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम घनश्याम निवासी नरौना गांव बताया। पुलिस ने झोले से पांच कैन व 16 पाउच देसी शराब बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह बीयर की कैन अधिक कीमत पर बेचकर अवैध रूप से जीविकोपार्जन कर रहा था। वहीं, एसओ सैरपुर मनोज कुमार कोरी ने बताया कि एक जनवरी को गिट्टी प्लांट चौराहे पर एक युवक के शराब बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस को युवक के पास एक थैला मिला, जिसमें शराब के पाउच थे। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सैरपुर के टंटापुर निवासी नीरज कुमार यादव बताया। आरोपी ने बताया कि उसने नए वर्ष पर दुकान से 90 रुपये की शराब के पाउच खरीदे थे, जिसे वह 120 में बेच रहा था। आरोपी के पास शराब बेचने का कोई लाइसेंस नहीं था। उधर, इंस्पेक्टर महिगवां रामकुमार गुप्ता के बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को शराब बेचते हुए महिगवां के विशंभर खेड़ा निवास छोटे लाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 21 पौवा बरामद हुए हैं।

अभिवादन नहीं करने पर दंपति को पीटा

अमृत विचार, माल : थाना क्षेत्र के गांव आंट में अभिवादन न करने पर दबंगों ने दलित दंपति को बेरहमी से पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित रामस्वरूप ने तहरीर में बताया कि देर शाम करीब सात बजे शहर से काम करके घर वापस घर आ रहा था। आंट स्थित मोनू यादव की दुकान पर पहुंचा था। वहां गांव का ही मंगल सिंह खड़ा था। मंगल सिंह को देखकर जयराम कहकर अभिवादन किया और अपने घर जाने लगा। वहीं, अभिवादन न करने पर पप्पू यादव, बबलू यादव, कमलेश यादव और अंकेश यादव ने पीड़ित और उसके परिवार को दौड़ा लिया। यही नहीं आरोपियों ने पीड़ित और उसकी पत्नी सुनीता को पीटा।

घर के बाहर बंधी भैंस चोरी, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार रात चोरों ने एक किसान के घर के बाहर बंधी एक भैंस चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कासिम खेड़ा निवासी किसान कुलबीर सिंह ने बताया कि बुधवार रात वह अपने परिवार सहित घर में सो रहे थे। जानवर रोज की तरह घर के बाहर बंधे थे। गुरुवार सुबह उठकर देखा तो उसमें से एक भैंस गायब मिली। सीसीटीवी कैमरे में रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चार अज्ञात युवक एक लोडर वाहन से उतरते दिखाई पड़े और बाद में भैंस को खोल कर ले जाते नजर आए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वाहन की टक्कर से रसोइए की मौत

अमृत विचार, माल : थाना क्षेत्र के माल-अतरौली मार्ग पर केडौरा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार रसोइए मोबिन की मौत हो गई। हरदोई जनपद के अतरौली स्थित मुड़िया खेड़ा गांव निवासी मोबिन (25) लखनऊ में रहकर विद्यालय में खाना बनाने का कार्य करता था। गुरुवार को वह अपने घर आया था। घर से लखनऊ शहर जा रहा था। तभी माल के केडौरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से मोबिन की मौके पर ही मौत हो गई।

केजीएमयू के जूनियर रेजिडेंट पर 25 हजार का इनाम घोषित

फरार रेजिडेंट के खिलाफ जारी हो चुका है गैर जमानती वारंट, लोकेशन बदल रहा आरोपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में शादी का झांसा देकर यौन शोषण, गर्भपात कराने के आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीज उद्दीन नायक पर पुलिस ने 25000 रुपये इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हो गया है। पीड़िता का मजिस्ट्रियल बयान दर्ज करा दिया है।

पीड़ित महिला डॉक्टर और आरोपी की दोस्ती जुलाई महीने में हुई थी। आरोपी ने पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया था। सितंबर महीने में पीड़िता को पता चला था कि वह गर्भवती हो गई है। आरोपित ने पीड़िता को गर्भपात करा दिया था। पीड़िता ने अक्टूबर में आरोपी पर शादी का दबाया बनाया था। नवंबर में आरोपी ने पीड़िता से धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया था। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी से दूरियां बढ़ा लीं थी। इसके बाद आरोपी धमकी देने लगा कि पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो और विडियो वायरल कर देगा। पीड़िता की शिकायत पर चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखे से शारीरिक संबंध बनाने। महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराने। प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाने की धमकी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा भी लगाई गई थीं।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक पीड़ित का कोर्ट में मजिस्ट्रियल बयान हो चुका है। इसके अलावा कोर्ट से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) भी जारी कराया गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें कई स्थानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस की एक टीम उसके करीबियों पर नजर रखे हुए है। आरोपी अपने किसी करीबी से संपर्क करे तो उसकी लोकेशन को ट्रेस किया जा सके। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि फरार आरोपी डॉक्टर के ऊपर 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें यूपी और उत्तराखंड के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

कुलपति के समर्थन में आया केजीएमयू कर्मचारी परिषद

- अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कथित धर्मांतरण प्रयास और महिला रेजिडेंट के यौन शोषण प्रकरण को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में कुछ बाहरी संगठनों द्वारा बिना अनुमति उग्र प्रदर्शन और कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद का पुतला दहन किए जाने की घटना पर केजीएमयू कर्मचारी परिषद ने शुक्रवार को कड़ा विरोध जताया। इससे पहले केजीएमयू शिक्षक संघ ने भी इसका विरोध किया था। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह और महामंत्री अनिल कुमार ने जारी बयान में कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में बिना अनुमति किसी भी प्रदर्शन, विशेषकर बाहरी संगठनों के माध्यम से, संस्थान के नियमों और अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है। परिषद ने इसे गैरकानूनी, अनुचित और निंदनीय बताया और कहा कि तथाकथित 'लव जिहाद' के नाम पर किया गया यह प्रदर्शन न केवल सुरक्षा मानकों को चुनौती देता है, बल्कि विश्वविद्यालय की गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। परिषद ने चिंता व्यक्त की कि इस तरह की घटनाओं से केजीएमयू की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है और मरीजों, तीमारदारों तथा महिला कर्मचारियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। साथ ही, यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, चिकित्सीय और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में बाधा उत्पन्न कर रहा है। कर्मचारी परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि सभी बाहरी संगठनों के अनधिकृत प्रवेश और गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

फरार इंटर्न डॉक्टर की तलाश में तीन टीमें दे रहीं दबिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉक्टर व करीबियों के मोबाइल को पुलिस ने लिया सर्विलांस पर
- शादी का झांसा देकर नर्सिंग छात्रा से दुष्कर्म का मामला कैसरबाग में दर्ज है रिपोर्ट

अमृत विचार : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की नर्सिंग छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और निजी तस्वीरें वायरल करने के आरोपी डॉ. मो. आदिल फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस ने तीन टीमें लगाई हैं। वहीं, डॉ. आदिल का मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस ने परिजन व करीबियों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर ले लिया है। कैसरबाग पुलिस आरोपी के परिचितों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी डॉ. मो. आदिल व पीड़िता के बीच विवाद हुआ था। जिसमें दोनों के बीच समझौता हुआ था। उस दौरान दोनों पक्षों ने लिखित कार्रवाई न करने की बात पुलिस को दी थी। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर पर छात्रा के साथ मारपीट करने का भी आरोप है। इसी घटना के बाद दोनों के संबंध पूरी तरह खराब हो गए थे। इसके बाद छात्रा ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने न सिर्फ शादी से इनकार कर दिया, बल्कि उसकी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी देने लगा।

शादी का झांसा देकर बुलाया था फ्लैट पर

- पीड़िता अलीगंज इलाके में एक पीजी में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई की तैयारी कर रही है। उसकी मुलाकात कैसरबाग निवासी आरोपी डॉक्टर से हुई थी। आरोप है कि पहले दोस्ती, फिर प्यार और शादी का वादा कर आरोपी उसे अपने फ्लैट पर बुलाता रहा और शारीरिक संबंध बनाता रहा। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

ट्रांसफॉर्मर का तेल व तांबा चोरी, आपूर्ति ठप

अमृत विचार , काकोरी : पारा के सलेमपुर पतौरा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पास अज्ञात चोरों ने विद्युत विभाग के ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर तेल व तांबे की चोरी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जिसके चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई, जिससे आमजन के साथ-साथ विद्युत विभाग को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 की सुबह लगभग 9:36 बजे 33/11 केवी बीटी उपकेंद्र एफसीआई पर तैनात एसएसओ अनिल कुमार को सलेमपुर पतौरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही जांच के लिए संविदाकर्मी लाइनमैन रवि कुमार को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर की गई जांच में पाया गया कि हनुमान मंदिर के पास खंभे पर स्थापित 250 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफॉर्मर अज्ञात लोगों द्वारा नीचे गिरा दिया गया था। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर में भरा हुआ तेल निकाल लिया गया तथा कीमती कॉपर (तांबा) चोरी कर लिया गया। जिससे ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रंजिश में दो भाइयों पर हमला एक की हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हसनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, चार आरोपी भाई गिरफ्तार

अमृत विचार: हसनगंज के जोशी टोला इलाके में बुधवार रात दो भाइयों पर मोहल्ले के रहने वाले पांच भाइयों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलो में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार आरोपी भाइयों को गिरफ्तार गिरफ्तार कर लिया है।

जोशी टोला निवासी सुजीत जोशी ने बताया कि उनकी मोहल्ले में रहने वाले राहुल जोशी, उसके भाई ललित, अमित, अभिजीत और सुमित से पुरानी रंजिश है। बुधवार रात करीब 9 बजे भाई रवि और अंकित साथ में घर आ रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे पांचों आरोपी भाइयों ने दोनों को घेर लिया। सुजीत का आरोप है कि पांचों आरोपी दोनों भाइयों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने भाइयों पर धारदार लोहे की पट्टी व रॉड से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू दिया।

हमले में दोनों भाई रवि और अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुन पड़ोसी अपने घरों से निकल आए। सुजीत ने बताया कि भीड़ लगने पर आरोपी भाग निकले। उन्होंने भाइयों को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। रवि की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि सुजीत की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस ने दबिशें देकर आरोपी राहुल, ललित, अमित और सुमित को गिरफ्तार किया गया है। अभिजीत की तलाश में पुलिस की दो टीमें दबिश दे रही हैं।

सऊदी में भाई-बहन समेत चार को नौकरी का झांसा देकर ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- करीब तीन लाख रुपये और एक हजार रियाल आरोपियों ने ऐंठे
- तीनों युवतियों को अस्पताल व युवक को कंपनी में नौकरी का दिया था आश्वासन
- व्हाट्सएप पर भेजा जाली मेडिकल प्रमाण पत्र और वीजा
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर गुडंबा थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने एक महिला से लाखों रुपये और रियाल ठग लिए। आरोपियों ने बेटी व उसकी दो सहेलियों को अस्पताल में तथा बेटे को कंपनी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र और वीजा भेजकर भरोसा जीत लिया गया। जांच में दस्तावेज फर्जी पाए गए। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गुडंबा के आदिलनगर निवासी रुबैदा ने बताया कि उनकी बेटी मंतशा नर्सिंग कोर्स के बाद सऊदी अरब में अस्पताल में कार्यरत थी। बेटा मोहम्मद एहतशाम भी चालक के रूप में सऊदी गया था, लेकिन बीमारी के चलते 16 नवंबर 2024 को भारत लौट आया। वहीं सऊदी में उसकी मुलाकात आजमगढ़ के लालगंज निवासी मेहताब आलम से हुई थी, जो बाद में भारत आकर उनके घर पहुंचा।

मेहताब ने दावा किया कि उसकी सऊदी में अच्छी पहचान है और वह एहतशाम को किसी कंपनी में नौकरी दिला सकता है। 6 मई को मंतशा भी भारत लौटी। इसके बाद मेहताब अपने साथी शम्स आलम के साथ उनके घर आया और भाई-बहन को नौकरी दिलाने का झांसा दिया। मेडिकल और वीजा के नाम पर खर्च बताकर रुपये मांगे गए। मंतशा ने अपनी दो सहेलियों के लिए भी नौकरी की बात कही।

आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में 2.46 लाख रुपये और एक हजार रियाल (करीब 24 हजार रुपये) ले लिए। इसके बाद व्हाट्सएप पर मंतशा और उसकी सहेलियों के नाम से आदर्श मेडिसर्च सेंटर, मोहम्मदाबाद (मऊ) का मेडिकल प्रमाण पत्र और एहतशाम का वीजा भेजा गया।

शक होने पर पीड़िता ने भारतीय दूतावास और संबंधित अस्पताल से जांच कराई, जहां सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने धमकी दी और बेटी की फोटो एडिट कर वायरल करने की बात कही। गुडंबा पुलिस ने मेहताब आलम, शम्स आलम और जर्रार रजा के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मारपीट में घायल युवक। अमृत विचार

बर्थडे पार्टी में मारपीट दो युवक घायल

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार: थाना क्षेत्र स्थित बदबदा खेड़ा गांव में गुरुवार रात पुरानी रंजिश को लेकर बर्थडे पार्टी में मारपीट में एक युवक गंभीर रूप दूसरा घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस आरोपी पिता-पुत्र की तलाश कर रही है।

बदबदा खेड़ा निवासी ओम प्रकाश ने बताया कि गुरुवार को उनका दोस्त सुरेंद्र एक जन्मदिन पार्टी में गया था। वहां सुरेंद्र के चचेरे भाई को प्रकाश के लड़के ने पीट दिया। उलहना देने सुरेंद्र गया तो आरोपी प्रकाश व उसके बेटे ने सब्बल से वार कर दिया। मारपीट में सुरेंद्र व संजय घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के बाद पीड़ित ने काकोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, दबने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मामूली रूप से चोटिल चालक को पुलिस ने पकड़ा
- पारा के सिंधी कॉलोनी इलाके की घटना

अमृत विचार : पारा स्थित सिंधी कॉलोनी इलाके में शुक्रवार सुबह बेकाबू ई-रिक्शा ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा के नीचे दबने से स्कूटी सवार सचिन शर्मा की मौत हो गई। जबकि ई-रिक्शा चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक को पकड़कर ई-रिक्शा कब्जे में ले लिया है।

मूल रूप से हरदोई के शाहाबाद निवासी सचिन शर्मा (20) दुबग्गा के आम्रपाली योजना में किराए पर रहता था। पिता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि सचिन पैनल लगाने वाली कंपनी में काम करता था। शुक्रवार सुबह वह स्कूटी से पारा के हंसखेड़ा में सोलर पैनल लगाने जा रहा था। सिंधी कॉलोनी के पास बेकाबू

सचिन शर्मा

ई-रिक्शा चालक ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। राहगीरों ने बताया कि ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में था। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा सचिन के ऊपर पलट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता सुरेंद्र की शाहाबाद में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। बेटा सचिन इंटर पास करने के बाद इलेक्ट्रीशियन का कोर्स कर दुबग्गा के आम्रपाली योजना में चचेरे भाई अनूप के साथ रहकर सोलर पैनल लगाने का काम करता था। सचिन की मौत से बहन दुर्गा, मीनू और भाई अनुज का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में छत से गिरा युवक, मौत

- अमृत विचार , लखनऊ : हसनगंज थाना क्षेत्र के मछली मंडी इलाके में गुरुवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक छत से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रवि गौतम (42) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात रवि शराब के नशे में घर पहुंचे थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चों को गले लगाया और बेटी के पैर छुए। इसके बाद वह छत पर चले गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह सीधे नीचे सड़क पर गिर पड़े। देर रात होने के कारण घटना की जानकारी आसपास के लोगों को काफी देर बाद हुई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रवि गौतम के परिवार में पत्नी सुमन गौतम, दो बेटियां नंदनी गौतम और आराधना गौतम तथा बेटा रोशन गौतम हैं। रवि शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में मजदूरी का काम करते थे। काफी समय से काम नहीं मिलने के कारण परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

विधवा का यौन शोषण कर मंदिर में की शादी, फिर रचाया दूसरा ब्याह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने पारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

अमृत विचार: विधवा को शादी का झांसा देकर युवक ने यौन शोषण किया। दबाव बनाने पर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। जल्द ही ससुराल ले जाने की बात कहकर पीड़िता संग उसके घर पर रहा। करीब पांच माह बाद आरोपी ने पहली शादी की बात छिपाकर दूसरी शादी कर ली।

मलिहाबाद निवासी 30 वर्षीय महिला के पति का वर्ष 2022 में निधन हो गया था। कुछ समय बाद पारा के मायापुरम निवासी सुदेश से संपर्क हुआ। आरोपी ने प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने 14 जुलाई को चिनहट स्थित आर्य समाज में शादी कर ली। उसके बाद से आए दिन सुदेश आए दिन पीड़िता के घर आकर पति-पत्नी की तरह रूकता था। पीड़िता ने ससुराल ले जाने की बात कही।।

इसपर आरोपी ने समझाया कि कुछ दिन इंतजार कर लो, तुम्हें पूरे सम्मान के साथ घर ले जाउंगा। इसी दौरान 3 दिसंबर को आरोपी ने खानपुर गांव की रहने वाली युवती से दूसरी शादी कर ली। जानकारी होने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी की बहन व बहनोई को कॉल की तो उन लोगों ने कहा कि तुम्हारी वजह से सुदेश घर छोड़कर चला गया है। अगर खुद को बचाना चाहती हो तो कोर्ट चलकर तलाक के पेपर पर साइन कर दो।

पीड़िता ने मायकेवालों को आपबीती बतायी। 25 दिसंबर को दोनों पक्ष बातचीत के लिए सिटी गार्डेन पहुंचे। वहां पर सुदेश व उसके घरवालों ने घर ले जाने से इंकार कर दिया। रुपये लेकर शांत रहने की धमकी दी। विरोध पर आरोपियों ने पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पारा पुलिस ने सुदेश, उसके माता-पिता और बहन-बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कार्रवाई | गुरुवार को पीड़िता रेलवे लाइन किनारे मिली थी घायल

बाल विकास पुष्टाहार के प्रधान सहायक पर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता को नहीं आया होश, सीओ सिटी हरदोई पहुंचे ट्रामा सेंटर

अमृत विचार Follow UP

बयान दर्ज कराने के लिए निकली थी पीड़िता

- भाई ने बताया की छेड़छाड़ के मामले में चल रही जांच में शहर कोतवाली के जांच अधिकारी ने मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबंद बयान दर्ज कराने के लिए बहन को बुलाया था। बहन साक्ष्य और अन्य कागजात बैग में लेकर निकली थी। सुबह 7:30 बजे पिता ने आलमनगर रेलवे स्टेशन से लखनऊ बरेली एक्सप्रेस में बैठा दिया था। दस बजे कॉल करने पर फोन रिसीव नहीं हुआ। शाम लगभग 4 बजे बहन रहमान खेड़ा के जंगल में रेलवे लाइन के किनारे घायल अवस्था मे पड़ी मिली थी।

अमृत विचार: काकोरी के रहमान खेड़ा जंगल के पास रेलवे लाइन के किनारे घायल मिली बाल विकास पुष्टाहार की 29 वर्षीय महिलाकर्मी को शुक्रवार को भी होश नहीं आया है। पीड़िता के भाई ने पूर्व में छेड़छाड़ के आरोपी परियोजना के प्रधान सहायक कमल कुमार के खिलाफ षड्यंत्र कर हत्या के प्रयास की रिपोर्ट काकोरी थाने में दर्ज कराई है। काकोरी और हरदोई पुलिस मामले में जांच कर रही है। शुक्रवार को हरदोई सीओ सिटी अंकित मिश्रा ट्रामा सेंटर पहुंचे। पीड़िता के संबंध में डॉक्टरों से बात की। उसके बाद घरवालों से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

ठाकुरगंज निवासी पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन की सितंबर माह में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग हरदोई में तैनाती हुई थी। राजाजीपुरम निवासी कमल कुमार भी परियोजना में प्रधान सहायक के पद पर तैनात था। आरोपी कमल उनकी बहन का शारीरिक और मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहा था। विरोध करने पर जान से मारने और नौकरी से निकलवा देने की धमकी देता था। परेशान बहन ने आपबीती परिजन को बताने के साथ ही प्रमुख सचिव परियोजना निदेशक और मुख्य विकास अधिकारी हरदोई से लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद 19 दिसंबर को हरदोई शहर कोतवाली में आरोपी कमल के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

पुलिस ने जांच के दौरान दो सीडीपीओ अनुराग कुमार और राजेंद्र कुमार के नाम बढ़ाए थे। डीएम हरदोई की संस्तुति पर तीनों को 29 दिसंबर को निलंबित कर दिया गया था। पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन का एक मोबाइल और दस्तावेजों वाला बैग गायब है। बहन को कुछ दिन से चुप रहने और समझौता करने की धमकी मिल रही थी। आरोपी समझौते का दबाव बना रहे थे। भाई का आरोप है कि गुरुवार को हत्या को हादसा दिखाने के लिए बहन को ट्रेन से धक्का देकर मारने की कोशिश की गई है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी कमल की तलाश की जा रही है। सर्विलांस और रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। पीड़िता के होश में आने पर बयान दर्ज किए जाएंगे।

पुलिसकर्मियों को कुचलने के प्रयास का आरोपी दरोगा निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज चौराहे पर 31 दिसंबर की रात नए साल के जश्न के दौरान पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास करने वाले बाराबंकी के दरोगा सौम्य जायसवाल को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। तैनाती के दौरान फरियादियों से अभद्रता उसकी पुरानी आदत है। इसी मामले में वह कई माह से निलंबित चल रहा था। हजरतगंज पुलिस की रिपोर्ट पर एसपी बाराबंकी अर्पित विजय वर्गीय ने दरोगा सौम्य जायसवाल को निलंबित कर दिया है।

31 दिसंबर को अवकाश पर सौम्य जायसवाल अपने दोस्तों के साथ यहां आया था। रात करीब एक बजे वह हजरतगंज चौराहे से गुजर रहा था। इस बीच ट्रैफिक संचालन कर रहे दरोगा आशुतोष त्रिपाठी ने उसकी कार को रोकने के लिए इशारा किया। दरोगा सौम्य ने रफ्तार बढ़ा दी और जिकजैक कर कट मारते हुए भागने का प्रयास किया। इस दौरान उसने दरोगा आशुतोष और कई अन्य पुलिस कर्मियों को कुचलने का प्रयास किया था। इसके बाद उसकी कार बैरीकेडिंग से भिड़कर रुक गई थी। चौराहे पर खड़े पुलिस उपायुक्त अपराध पहुंचे तो दरोगा सौम्य ने उनसे भी अभद्रता की थी। छानबीन के दौरान उसकी कार में कई शराब की बोतलें मिली थी। उसके खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने की धारा में कार्रवाई कर चालान किया गया था।

व्यापारियों ने तीन अस्पतालों को दिए स्ट्रेचर, व्हीलचेयर और पल्स ऑक्सीमीटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल अधीक्षकों को सौंपे

अमृत विचार : इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को सरकारी अस्पतालों को उपकरण, स्ट्रेचर, व्हीलचेयर वितरण के लिए सिविल अस्पताल परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपमुख्यमंत्री व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ब्रजेश पाठक ने सिविल, बलरामपुर और लोकबंधु अस्पताल के अधिकारियों को उपकरण सौंपे। तीनों अस्पतालों के लिए 30 स्ट्रेचर, 30 व्हीलचेयर और 1000 पल्स ऑक्सीमीटर समान रूप से दिए गए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी वर्ग सदैव समाज सेवा और दान कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इसी कारण उन्हें भामाशाह स्वरूप दानवीर कहा जाता है।

उन्होंने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी किम ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की।सोसाइटी के लखनऊ शाखा चेयरमैन ओपी पाठक और सचिव अमरनाथ मिश्र ने मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव रामानंद कटियार और स्वास्थ्य विभाग लखनऊ मंडल के अपर निदेशक व वरिष्ठ आर्थोसर्जन डॉ. जीपी गुप्ता को सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

अस्पताल अधीक्षकों को स्ट्रेचर भेंट करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी।

तीन अस्पतालों के निदेशक और दानवीर किए गए सम्मानित

- समारोह में सिविल अस्पताल की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता व सीएमएस डॉ. डीसी पांडेय, बलरामपुर अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या व सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी और लोकबंधु अस्पताल की निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता और रेडक्रॉस सोसाइटी को स्ट्रेचर और व्हीलचेयर प्रदान करने वाले दानदाता व्यापारी नवीन गुप्ता, अमित अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, दीपक अग्रवाल और रजत कुमार गुप्ता को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कैंट विधानसभा में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ मिलकर जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों को तत्काल राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग और मानवता की भावना को भी मजबूत करते हैं। इस मौके पर पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सीपी अवस्थी, राकेश श्रीवास्तव, देवेंद्र शुक्ला, मान सिंह, विनायक पांडेय, राजन वर्मा, महेंद्र राजपूत, मानस बाहरी, पार्षद गिरीश मिश्रा रहे।

सेवानिवृत होने पर अतिरिक्त न्यायाधीश अरुण कुमार गुप्ता को विदाई देते अधिवक्ता व कर्मचारी।

सेवानिवृत्त पर अतिरिक्त न्यायाधीश को दी विदाई

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश अरुण कुमार गुप्ता गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर कर्मचारियों, अधिवक्ताओं ने विदाई कार्यक्रम कर उनके कार्यकाल को याद किया। बताया गया कि चेक बाउंस मामलों के अतिरिक्त न्यायाधीश अरुण कुमार गुप्ता ने 10 वर्ष में 15 हजार से अधिक केस निस्तारित किए। चेक बाउंस के मामलों के निस्तारण की अधिकतम अवधि 6 महीने तय है। इसे देखते हुए अतिरिक्त न्यायालयों का गठन किया गया था। इन अदालतों में सेवानिवृत्त जिला जज स्तर के न्यायाधीश की नियुक्ति की गई। जनवरी 2016 में बांदा में जिला जज से सेवानिवृत्त हुए अरुण गुप्ता को यहां तैनात किया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान 15 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण कर रिकार्ड बनाया। विदाई समारोह में न्यायाधीश राजकुमार साहू, रामकुमार, हरीश यादव, अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ, सूर्य प्रकाश, बालमुकुमलंद, मोहम्मद हुसैन मौजूद रहे।

पानी के एक कनेक्शन के आ रहे दो-दो बिल, नहीं हो रहा सुधार

पति की मौत के बाद मकान और कनेक्शन का पत्नी के नाम हो चुका है नामांतरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वर्ष 2004 में हो चुकी है पीड़ित के पिता की मौत
- तब बिल जोड़ बकाया दिखा रहे 23,751 रुपये

अमृत विचार : लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकीनाथ हॉल में शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अहिल्याबाई मार्ग निवासी अजीत कुमार यादव ने बताया कि जलकल विभाग माता और पिता दोनों के नाम से पानी का बिल भेज रहा है।

पिता रामधन की मृत्यु वर्ष 2004 में हुई थी। उनके नाम से किसी तरह का बकाया नहीं है। मकान और कनेक्शन का नामांतरण मा किरन कुमारी के नाम हो चुका है। इसके बाद से उनके नाम से गृककर, जलकर, बिजली बिल जमा जा रहा है। जलकल ने पिता के नाम से आईडी नहीं काटी गई और वर्ष 2004 से लगातार उनके नाम पर भी पानी का बिल भेज रहा है। पिता पर 23,751 रुपये बकाया दिखाकर नोटिस जारी कर दिया है। उसे सुधरवाने के लिए अजीत चक्कर लगा रहे हैं।

नगर निगम में आयोजित समाधान दिवस में महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार को समस्या बताते लोग।

जीआईएस सर्वे में बढ़ा वार्षिक गृहकर हुआ कम

- अनिल कुमार गोबिल, जानकीपुरम सेक्टर-एफ, 44,280 से 21,262 रुपये
- गजन्फर नवाब, हुसैनाबाद, 14,625 से 11,025 रुपये
- मोहम्मद हारून रिजवी, पीर बुखारा, 36 हजार से 21,600 रुपये
- राहुल सिंह रावत, वृंदावन सेक्टर-8, 24,206 से 17,496 रुपये
- मीरा गुप्ता, विकास नगर सेक्टर-6, 19,926 से 7,128 रुपये

जोन-3 लिफ्ट खराब, कार्यालय में नहीं आता पानी

- ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के महासचिव विवेक शर्मा ने समाधान दिवस में नगर निगम जोन-3 कार्यालय की समस्या रखी। महापौर को ज्ञापन देकर बताया कि कार्यालय की लिफ्ट बंद होने से बुजुर्गों व दिव्यांगों को चढ़ने-उतरने में परेशानी होती है। कार्यालय और शौचालयों में पानी तक की व्यवस्था नहीं है। कर्मचारियों के अलावा सरकारी काम से आने वाले लोग भी परेशान होते हैं।

गेस्ट हाउस को होटल मानकर लगाया 41 लाख गृहकर

समाधान दिवस में आए दिनेश चंद्र ने बताया कि उन्होंने जानकीपुरम् में वर्ष 2024 में शादी व आयोजन के लिए 3 हजार स्क्वायर फीट में गेस्ट हाउस बनाया था। निर्माण के दौरान गलती से नाम होटल स्टार फीड हो गया। नगर निगम ने होटल मानकर पांच गुना गृहकर लगाकर 41 लाख रुपये का बकायेदार बना दिया। एसेसमेंट वर्ष 2020 से लगाया जबकि उस समय निर्माण नहीं हुआ था। मनमाना गृहकर वह गेस्ट हाउस बेचकर भी जमा नहीं कर पाएंगे।

47,112 से घटाकर 35,286 किया गृहकर

कपूरथला निवासी संदीप कोहली ने बताया कि उनकी 600 स्क्वायर फीट की दुकान है। वार्षिक गृहकर 11,827 रुपये आता था। इस आधार पर वर्ष 2025-26 तक जमा कर दिया। जीआईएस सर्वे में कई गुना गृहकर बढ़ाकर वर्ष 2022 से जोड़ते हुए 47,112 रुपये का बकाया दिखा दिया। इसे जमा करने की नोटिस दी। महापौर के निर्देश पर संशोधन करके बिल 35,286 रुपये किया गया।

ठेकेदार ने कराया काम, 11 कर्मियों की दबा ली रकम

सुपरवाइजर गौतम कुमार, चालक गोविंद, मिंदर, छोटू, सोनू आदि ने बताया की नगर निगम के तहत एक ठेकेदार ने जोन 8 व 5 अंतर्गत जी-20 रोड, हाईवे आदि में साफ-सफाई समेत अन्य कार्य करने के लिए ठेके पर ले रखा था। दो माह में पूरा काम करा लिया व किसी को भुगतान नहीं किया। विरोध करने पर मारपीट और अभद्रता की। कई बार शिकायत की लेकिन, सुनवाई नहीं हो रही है।

पांच दिन बाद भी नहीं पहुंचे रेडियोलॉजिस्ट तीन सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड ठप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

Amrit Vichar Follow UP

- स्वास्थ्य विभाग के आदेश बेअसर, जांच के लिए मरीजों को दूसरे अस्पतालों व निजी केंद्रों के चक्कर लगाने की मजबूरी

अमृत विचार : शहर के तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जांच ठप है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से रेडियोलॉजिस्ट को संबद्ध करने का अदेश हुए पांच दिन बाद भी डॉक्टरों ने अस्पतालों में जांच शुरू नहीं की है। इससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें दूसरे सरकारी अस्पतालों या निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है।

बीआरडी महानगर अस्पताल, आलमबाग चंदर नगर स्थित 50 बेड संयुक्त अस्पताल और ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड जांच बंद है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया था। इसके बाद लखनऊ मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. जीपी गुप्ता ने तीनों अस्पतालों के लिए रेडियोलॉजिस्ट को संबद्ध करने के आदेश जारी किए थे।

अमृत विचार में मंगलवार के अंक में प्रकाशित खबर

आदेश के तहत बीकेटी साढ़ामऊ स्थित रामसागर मिश्र संयुक्त अस्पताल में तैनात डॉ. रियाजुद्दीन को बीआरडी महानगर अस्पताल, पीएसी 35वीं वाहिनी में कार्यरत डॉ. शशिकांत को आलमबाग चंदर नगर के 50 बेड अस्पताल और काकोरी सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी मिश्रा को ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल से संबद्ध किया गया था।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया था कि तीनों डॉक्टर सप्ताह में तीन दिन संबंधित अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जांच करेंगे। हालांकि आदेश जारी होने के पांच दिन बाद भी किसी भी अस्पताल में विशेषज्ञ नहीं पहुंचे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में मरीज जांच के लिए अस्पतालों से खाली हाथ लौट रहे हैं।

कई मरीजों को मजबूरी में निजी जांच केंद्रों पर अधिक खर्च कर अल्ट्रासाउंड कराना पड़ रहा है। इस संबंध में अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. जीपी गुप्ता ने कहा कि संबद्ध किए गए डॉक्टरों से इस लापरवाही को लेकर पूछताछ की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सिटी डायरी

बैठक में चर्चा करते संगठन के पदाधिकारी।

12 को ऊर्जा मंत्री से मिलेंगे बिजली कर्मचारी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की बैठक शुक्रवार को कैंप कार्यालय एवररेडी चौराहे के पास हुई। इसमें आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा कर कॉरपोरेशन प्रबंधन के रवैये पर रोष व्यक्त किया गया। प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने प्रबंधन अपने ही आदेशों का उल्लंघन करते हुए कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। 15 मई-17 के आदेश के बावजूद 55 वर्ष की आयु का हवाला देकर कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। अतिरिक्त, दुर्घटना में घायल कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा नहीं दिए जाने के साथ उपचार पर खर्च की गई राशि का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। बताया कि 12 जनवरी को जनपदों से आकर आउटसोर्स कर्मचारी ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को समस्याएं बताएंगे।

प्रदर्शन करते सनातन महापरिषद भारत के पदाधिकारी।

सनातन महापरिषद ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार :,लखनऊ : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बुधवार को सनातन महापरिषद भारत ने हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन किया। महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष एके सक्सेना की ओर से आयोजित धरने में राष्ट्रीय अध्यक्ष सीएम पांडे भी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश हाय हाय, सनातन एकता जिंदाबाद और सनातन महापरिषद जिंदाबाद के नारे लगाए गए। प्रदर्शन में ओंकारनाथ तिवारी, दिनेश चंद, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, यादवेन्द्र मिश्रा, गोपी श्रीवास्तव, विमल सक्सेना, ललित प्रकाश पांडे, प्रकाश चंद श्रीवास्तव सहित कई सामाजिक और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कंबल का वितरण करते डीएफओ।

कर्मियों को वितरित किए कंबल

अमृत विचार, लखनऊ : डीएफओ लखनऊ की ओर से शुक्रवार को मौलश्री प्रेक्षागृह में चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों और न्यूनतम वेतन पर कार्यरत कार्मिकों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएफओ सितांशु पांडेय, एसडीओ, मोहनलालगंज चंदन चौधरी और अन्य अधिकारियों ने कंबल वितरित किए। अवध वन प्रभाग की ओर से बिना अवकाश हर मौसम में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। डीएफओ ने कहा कि वन विभाग का मुख्य उद्देश्य वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। लक्ष्य की प्राप्ति में विभाग के कर्मचारी का समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी अत्यंत आवश्यक है।

7 जनवरी से डबल डेकर ई-बस से करें लखनऊ दर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

व्यवस्थाओं के साथ मोटर वाहन नियमों का करें पालन

- मंडलायुक्त ने यूपी स्टेट टूरिजम को निर्देश दिए कि बसों की उपलब्धता, पार्किंग एवं चार्जिंग सुविधा, चालक एवं किराया वसूली एजेंट की व्यवस्था करें। साथ ही उप्र मोटर वाहन नियमों के अनुरूप वाहनों का नियमित रखरखाव, फिटनेस प्रमाणन, प्रदूषण जांच एवं बीमा सुनिश्चित करें। इससे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं परिवहन में परेशान न हो। लखनऊ दर्शन टूर न केवल शहर की पर्यटन क्षमता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

अमृत विचार : 7 जनवरी से ''लखनऊ दर्शन टूर'' का संचालन होगा। पर्यटक डबल डेकर ई-बस से हेरीटेज टूर करेंगे। उनके लिए सुबह व शाम दो शिफ्ट में बसें चलेंगी। 3 जनवरी को डबल डेकर ई-बस का मॉक ट्रायल किया जाएगा। शुक्रवार को आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने संचालन संबंधित जानकारी करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने लखनऊ दर्शन टूर की बैठक में संभावित रूट, समय-सारिणी, टिकट व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, यात्री सुविधाओं, प्रचार-प्रसार रणनीति व विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर विस्तार से चर्चा की। अफसरों को निर्देश दिए कि डबल डेकर ई-बस में यात्रियों की

- दो शिफ्ट में चलाई जाएंगी बसें, आज किया जाएगा मॉक ट्रॉयल

सुविधा के लिए अनुभवी गाइड, स्वच्छता, बैठने की उचित व्यवस्था व आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था की जाए। एमडी यूपी स्टेट टूरिजम ने बताया कि डबल डेकर ई-बस सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक व शाम को 4 से 7 बजे तक पर्यटकों को लखनऊ दर्शन टूर कराएंगी। बस में ड्राइवर समेत 66 पर्यटक एक साथ टूर कर सकेंगे। संचालन से पहले 3 जनवरी को डबल डेकर ई-बस का मॉक ट्राइल करेंगे। मंडलायुक्त ने नगर निगम और एलडीए को आवासीय क्षेत्र में पिकअप एवं ड्रॉप पॉइंट्स पर प्रकाश, स्वच्छता और पार्किंग के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में एमडीयूपी स्टेट टूरिजम, सचिव लखनऊ विकास प्राधिकरण, अपर नगर आयुक्त, परिवहन विभाग, पर्यटन विभाग समेत अन्य अधिकारियों के साथ प्रस्तावित '' की बैठक की।

अलीगंज सीएचसी में जल्द खुलेगा जन औषधि केंद्र

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इसी महीने जल्द जन औषधि केंद्र शुरू होने की संभावना है। केंद्र के लिए स्थान भी उपलब्ध करा दिया गया है। सीएचसी की ओपीडी में प्रतिदिन 200 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। इमरजेंसी में भी मरीजों की संख्या काफी रहती है। फिलहाल दवा वितरण केंद्र से मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जन औषधि केंद्र खुलने के बाद उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी। सीएचसी में इमरजेंसी पहले तल पर संचालित हो रही है। इससे कई बार गर्भवतियों और गंभीर मरीजों को इमरजेंसी तक पहुंचाने में परेशानी होती है। इसे देखते हुए भूतल पर चार बेड की इमरजेंसी शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इमरजेंसी का भवन बनाकर तैयार है। सीएमओ कार्यालय के स्तर से औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। अधीक्षक ने बताया कि जन औषधि केंद्र के लिए जगह उपलब्ध करा दी गई है। भूतल पर इमरजेंसी के कुछ बेड के लिए भी स्थान तय कर लिया गया है।

संगठन विस्तार

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने प्रदेश संगठन में सौंपी अहम जिम्मेदारी

सुहेल, मनीष, सतनाम और तारिक आदर्श व्यापार मंडल में शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शहर के वरिष्ठ व्यापारी नेता सुहेल हैदर अल्वी, मनीष वर्मा, सतनाम सिंह, तारिक माजिद समेत कई व्यापारी नेताओं ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उन्हें संगठन की सदस्यता ग्रहण कराकर प्रांतीय कार्यकारिणी में नामित किया।

सुहेल को संसदीय महामंत्री, मनीष को उपाध्यक्ष, सतनाम को उपाध्यक्ष और तारिक को उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश सदस्य ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तम्भ हैं। सरकार के राजस्व को बढ़ाने और रोजगार सृजन में व्यापारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, लेकिन उनकी समस्याओं पर ठोस पहल नहीं होती है। इस दौरान संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल , प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल हसन, मनीष पांडे, अनिरुद्ध निगम, अंशु श्रीवास्तव मौजूद रहे।

आदर्श व्यापार मंडल में शामिल होने वाले व्यापारी नेताओं में मुंशी पुलिया के प्रदीप अग्रवाल, यशपाल सिंह, सभाजीत वर्मा, रामायण श्रीवास्तव, जावेद अली, विपिन चौधरी, प्रशांत गुप्ता, आनंद गुप्ता, गुंजन तोलोनी, नितिन अग्रवाल,पप्पू अग्रवाल, ऋषि मेहरा,आशीष छाबड़ा, कुलदीप तलवार, शैलेश गुप्ता, टीपी पांडेय, ,विशाल रस्तोगी, आकाश वर्मा, रूपेश वर्मा, अभिजीत सरकार, राहुल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव,अवनीश मिश्रा ,अजीत सिंह, विनोद गौड़, रामदेव अजय व्यापारी शामिल हुए।

फैजाबाद रोड स्थित प्रदेश कार्यालय पर आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण करते संगठन के प्रमुख पदाधिकारी।

कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ मनाया नववर्ष

कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ बुद्धं नमामि धम्मध्वज यात्रा संस्थान के पदाधिकारी।

अमृत विचार, लखनऊ : बुद्धं नमामि धम्मध्वज यात्रा संस्थान पदाधिकारियोंने केजीएमयू के कैंसर पीड़ित बच्चों के साथ नव वर्ष मनाया और वस्तुएं भेंट की। बच्चों ने नृत्य किया और अपने हाथ से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड व पेन स्टैंड भेंट किए गए। हरीश चन्द्रा, आजीवन सदस्य दीक्षा बौद्ध, तूबा इरफान, प्राची चन्द्रा, एफलाल, अरुण गौतम, विजय बौद्ध आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 3 जनवरी 2026
लखनऊ

चारबाग डिपो क्वार्टर फाइनल में

● यूपीएसआरटीसी इंटर डिपो नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट

अमृत विचार , लखनऊ : कप्तान अमरनाथ सहाय की शानदार हैट्रिक के दम पर चारबाग डिपो ने शुक्रवार को यूपीएसआरटीसी इंटर डिपो नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में एसएम ऑफिस को 79 रनों से हराया और क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अमरनाथ को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

कॉल्विन ताल्लुकेदार्स मैदान पर खेले गए मुकाबले में चारबाग डिपो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमरनाथ सहाय (13) और मोहम्मद अशरफ (57) ने टीम को सधी शुरुआत दी। मध्यक्रम ने भी उपयोगी योगदान देकर स्कोर चुनौतीपूर्ण बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएम ऑफिस की टीम दबाव में रही और चार विकेट खोकर केवल 44 रन ही बना सकी। अमरनाथ सहाय ने लगातार तीन विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को पसीना बहाया।

दिन के अन्य मुकाबलों में आलमबाग डिपो ने आरएम ऑफिस को छह विकेट से हराया। आरएम ऑफिस ने पांच विकेट पर 64 रन बनाए, जबकि आलमबाग ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। वहीं यूपीएन सुपर किंग्स ने बाराबंकी डिपो को 19 रनों से मात दी। यूपीएन ने 82 रन बनाए, जबकि बाराबंकी की टीम 63 रन पर आउट हो गई।

टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ के सपनों को मिली उड़ान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के होनहार टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ सिंह, जो अंडर-14 में देश के नंबर दो खिलाड़ी हैं, को अब अंतरराष्ट्रीय कंपनी हेड से एक वर्ष की स्पॉन्सरशिप मिली है। इसके बाद उन्हें आर्थिक परेशानियों के बिना अपने खेल और अभ्यास पर पूरा ध्यान देने का अवसर मिलेगा।

प्रशिक्षक उबैद ने बताया कि स्पॉन्सरशिप किसी युवा खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। कौस्तुभ ने कम उम्र में कई सफलताएं हासिल की हैं—अंडर-14 में मलेशिया में भारत का प्रतिनिधित्व, एशियाई टूर्नामेंट विजेता और भारत की बड़ी घरेलू प्रतियोगिता फेनेस्टा ओपन में अंडर-14 युगल विजेता। अंडर-16 में उनकी राष्ट्रीय रैंकिंग 30वीं है और उत्तर प्रदेश में नंबर तीन हैं।

वर्तमान में इरम पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र कौस्तुभ प्ले एन फिट अकादमी में नियमित अभ्यास करते हैं। उनका लक्ष्य जूनियर इंटरनेशनल (आईटीएफ) अंडर-18 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करना है। स्पॉन्सरशिप मिलने के बाद वह अपनी तैयारियों पर और ध्यान दे रहे हैं।

कौस्तुभ के पिता संतोष सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी उन्हें प्रोत्साहित किया है। परिवार, कोच और अब स्पॉन्सर के सहयोग से कौस्तुभ का आत्मविश्वास बढ़ा है और आने वाले समय में उनसे बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है।

कोच के साथ कौस्तुभ सिंह। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

नैरेटिव आधारित रही महामारी के दौरान शासन व्यवस्था

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर पंचऋषि देव शर्मा को महामारी इमरजेंसी गवर्नेंस पर शोध के लिए इरास्मस प्लस यूरोपियन यूनियन फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान यूरोप और दुनिया भर में पब्लिक पॉलिसी, ग्लोबल हेल्थ की तैयारी और संकट प्रबंधन के लिए प्रोजेक्ट की प्रासंगिकता को देखते हुए दिया गया है। उनके रिसर्च में यह शामिल है कि प्लेग, हैजा, इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 जैसे पब्लिक हेल्थ संकटों के दौरान सरकारें कैसे नीतिगत फैसले लेती हैं। उनके शोध का एक हिस्सा इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एशियन स्टडीज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस में पब्लिश हुआ है। उनके शोध में यह स्पष्ट हुआ है कि कैसे दुनिया भर में महामारी संकटों के दौरान शासन करने के लिए लोकप्रिय नैरेटिव का इस्तेमाल किया गया।

जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिताएं 10 से

अमृत विचार, लखनऊ : चौक स्टेडियम में जनवरी माह में फुटबॉल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। यहां पहले प्रथम हेमचंद जोशी अंडर-18 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता खेली जाएगी। लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि प्रथम हेमचंद जोशी अंडर-18 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 10 और 11 जनवरी को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। उन्होंने साफ किया कि इस टूर्नामेंट में 2007 के बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही पात्र होंगे। इच्छुक संस्थाएं और क्लब प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव से संपर्क कर सकते हैं। इसके पश्चात 12 जनवरी से जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन चौक स्टेडियम में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सतवंत सिंह (फुटबॉल प्रशिक्षक) और रविंद्र पाल (ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी) की स्मृति में आयोजित की जा रही है। संघ के अनुसार इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शहर की दिग्गज टीमें हिस्सा लेंगी। केवल लखनऊ फुटबॉल संघ से संबद्ध टीमें ही प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्र होंगी। प्रतियोगिता के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरें फॉर्म

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। नियमित विद्यार्थी यह फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से अब 3 जनवरी तक भर सकेंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र या छात्रा प्राप्त एनरोलमेन्ट के आधार पर अपना लॉगिन बनाकर परीक्षाफार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण करें। ऑनलाइन भरे गए परीक्षाफार्म का प्रिन्ट अपने संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष या निदेशक कार्यालय में जमा करना होगा। परिसर के छात्रों को परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना होगा। कॉलेजों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों का एनरोलमेन्ट नंबर कॉलेज के समर्थ लॉगिन पर उपलब्ध है। कॉलेज के छात्र परीक्षाफार्म भरने से पूर्व अपने कॉलेज से सम्पर्क कर एनरोलमेन्ट नंबर प्राप्त करने के बाद ही परीक्षाफार्म भरने की प्रकिया शुरू करें। इसके अलावा प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त नियमित छात्रों को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन के बाद परीक्षाफार्म भरना होगा। समस्या आने पर विद्यार्थी ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फार्म में किसी तरह की त्रुटि या समस्या के लिए व्हाट्सएप नंबर 7991200609, 7991200506 पर शिकायत कर सकते हैं।

छात्रों ने गणितीय मॉडल से रामानुजन को याद किया

भास्कराचार्य, आर्यभट्ट, शकुंतला देवी, मंजुल भार्गव, कापेटकर, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर को भी किया नमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर क्यू अलीगंज में आयोजित गणित प्रदर्शनी में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने प्राचीन और आधुनिक भारतीय गणितज्ञों के योगदान को अपने गणितीय मॉडलों के माध्यम से याद किया। कठिन सूत्रों और जटिल विषयों को मॉडल में अभिव्यक्त करने की प्रतिभा देखकर दर्शक हैरान रह गए।

छात्राओं का ज्योमैट्रिकल पार्क मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा अवकलन, श्रीडी वर्किंग मॉडल जैसे कोन, सिलेंडर, घन, पाइथागोरस थ्योरम, थेलस परिमेय, कापेटकर मॉडल, खाद्य पदार्थों से बनाए गए मॉडल, गणित के प्रयोग, कंप्यूटर, वाणिज्य और जीव विज्ञान के लगभग 350

अपने गणितीय मॉडल के साथ उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

● गणित के कठिन सूत्रों के मॉडल बनाकर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

मॉडल प्रदर्शित किए गए। बच्चों को भास्कराचार्य, आर्यभट्ट, शकुंतला देवी, मंजुल भार्गव, कापेटकर, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर और श्रीनिवास रामानुजन के योगदान से भी अवगत कराया गया।

प्रखर बाजपेई, लक्ष्य, देवांश, धर्मांश, दिव्यांशी, संगम, यशिका, काव्या, आद्या, निखिल, प्रगयेश सिंह, हर्षिता, प्रथमेश पांडेय, शौर्य निगम, आदर्श सिंह आदि ने आचार्य धर्मेंद्र ओझा, अनिल सिंह, श्रद्धा पांडेय, मनीष भट्ट, गंगाधर द्विवेदी के सहयोग से मॉडल बनाए।

विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमचंद्र और प्रदेश निरीक्षक श्रीराम सिंह ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विविध मॉडलों और आकृतियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा का मूल्यांकन करना आसान नहीं था।

अधिकारियों से सांठगांठ करके जमे हैं बीआरसी पर शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● 10 से 15 सालों से एक ही जगह पर काबिज

● शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होती

अमृत विचार : बीआरसी (ब्लॉक संसाधन केंद्र) का निर्माण शिक्षकों को प्रशिक्षण देने और शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाने के लिए किया गया था। लेकिन लखनऊ जिले में कई शिक्षक अधिकारियों से सांठगांठ करके बीआरसी पर आराम फरमाने के लिए लंबे समय से जमे हुए हैं। कुछ शिक्षक तो 10 से 15 सालों से यहां कार्यरत हैं, जबकि प्रदेश सरकार का आदेश है कि संबद्धीकरण अवधि पूरी होने पर कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए।

शिक्षा निदेशालय के आदेश के बावजूद ऐसे लंबे समय से जमे कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यदि इन्हें हटाया जाए तो बीआरसी में भ्रष्टाचार के लगभग 90 प्रतिशत मामलों को रोका जा सकता है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नवंबर में 13 शिक्षकों के संबद्धीकरण को लेकर निदेशक बेसिक शिक्षा को पत्र लिखा था। सवाल यह उठता है कि जहां शासन ने संबद्धीकरण निरस्त करने के आदेश दिए हैं, वहीं इन शिक्षकों के लिए आदेश जारी किए जा रहे हैं।

बीआरसी बीकेटी, काकोरी, चिनहट, सरोजनीनगर, मोहनलालगंज, माल, मलिहाबाद और गोसाईगंज में कुल 13 शिक्षक अपने मूल विद्यालय की जगह इन केंद्रों पर वर्षों से कार्यरत हैं।

सीएसडी सहारा, गुरुकुल मेहता आर्या और संदीप अकादमी जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 21वीं बाबू बनारसी दास सी-डिवीजन क्रिकेट लीग में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी, गुरुकुल क्रिकेट क्लब, मेहता क्रिकेट क्लब, आर्या क्रिकेट अकादमी और संदीप क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक हासिल किए।

ट्रम्फ स्टारलेट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर खेले गए मुकाबले में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने ट्रम्फ स्टारलेट्स क्रिकेट क्लब को 190 रनों के विशाल अंतर से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसडी सहारा ने 271 रन बनाए, जबकि जवाब में ट्रम्फ स्टारलेट्स की टीम मात्र 81 रन पर सिमट गई। विजयी टीम की ओर से इजहार फैजी खान ने छह विकेट लिए।

डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन को 57 रनों से मात दी। गुरुकुल ने पहले खेलते हुए 167 रन बनाए, जबकि लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन की टीम 110 रन पर ढेर हो गई। गुरुकुल के अजीत यादव ने 18 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए।

ब्लेज विलो गोसाईगंज मैदान पर मेहता क्रिकेट क्लब ने ध्रुव स्पोर्ट्स प्रमोशन ग्रुप को 99 रनों से शिकस्त दी। मेहता के 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ध्रुव स्पोर्ट्स टीम 74 रन पर आउट हो गई। मेहता की

ओर से वत्सल सिंह ने चार विकेट झटके।

टॉस क्रिकेट ग्राउंड पर आर्या क्रिकेट अकादमी ने रैकॉन स्पोर्ट्स क्लब को छह विकेट से हराया। रैकॉन द्वारा बनाए गए 183 रन का लक्ष्य आर्या ने हासिल कर लिया। विजयी टीम से अरमान रऊफ ने 91 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

पार्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर संदीप क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब को 215 रनों से करारी शिकस्त दी। संदीप अकादमी ने सात विकेट के नुकसान पर 264 रन बनाए, जबकि लखनऊ स्पोर्ट्स की पूरी टीम केवल 49 रन पर सिमट गई। सलमान अली ने 46 गेंदों में नाबाद 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 8 छक्के शामिल थे। गेंदबाजी में अभिषेक सोनी ने चार और उत्कर्ष दुबे ने तीन विकेट लिए।

माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों में होगी शब्द प्रतिस्पर्धा

अमृत विचार, लखनऊ : मंडल के सभी जिलों में संयुक्त शिक्षा निदेशक ने माध्यमिक विद्यालयों में समाचार पत्रों की उपलब्धता और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देश के अनुसार छात्रों की स्कूली दिनचर्या में अनिवार्य रूप से समाचार पत्रों को शामिल किया जाएगा। स्कूल की प्रार्थना सभा में प्रमुख समाचारों का वाचन किया जाएगा और "आज का शब्द" प्रतियोगिता भी कराई जाएगी।

अपर मुख्य सचिव माध्यमिक ने बच्चों में मोबाइल देखने की आदत कम करने के उद्देश्य से विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मंडल के प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को चक्रानुसार समाचार पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इससे पठन-संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और समाचार पत्र वाचन को स्कूली दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाया जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने सभी 6 जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

ये होंगी गतिविधियां

- पुस्तकालय में समाचार पत्रों की उपलब्धता
- प्रार्थना सभा में समाचार वाचन
- शब्दावली एवं "आज का शब्द" प्रतियोगिता
- विद्यालय समाचार पत्र व पत्रिका का संपादन
- कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को सप्ताह में एक बार किसी संपादकीय विषय पर मौलिक लेखन और समूह चर्चा
- सामुदायिक और स्थानीय जागरूकता गतिविधियां
- पहेली और मानसिक अभ्यास
- समाचार कतरन संग्रह

प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने स्टार शटलर तनीषा सिंह से की मुलाकात

अमृत विचार , लखनऊ: एक्सीलिया बैडमिंटन अकादमी में बुधवार को माहौल उत्साह और उमंग से भर गया, जब भारतीय जूनियर बैडमिंटन टीम की स्टार खिलाड़ी तनीषा सिंह ने अकादमी का दौरा किया। प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने तनीषा को अपने बीच पाकर खुशी का इज़हार किया। कोई उनसे खेल के अनुभव पूछ रहा था, तो कोई तैयारियों और शेड्यूल के बारे में जानने में उत्सुक दिख रहा था। तनीषा ने सभी खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके सवालों का उत्साहपूर्वक जवाब भी दिया। इस अवसर पर तनीषा ने अपने पूर्व प्रशिक्षक देवेंद्र कौशल से भी मुलाकात की। देवेंद्र कौशल, जो भारतीय जूनियर बैडमिंटन टीम के कोच रह चुके हैं और साई सेवानिवृत्त होने के बाद लखनऊ की एक्सीलिया बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण दे रहे हैं, ने तनीषा की मेहनत और लगन की तारीफ की। खास तौर पर उन्होंने तनीषा के माता-पिता पूनम सिंह और योगेश सिंह की भी प्रशंसा की, जिन्होंने तनीषा के खेल को आगे बढ़ाने के लिए बस्ती से लखनऊ आकर बच्चों की देखभाल और प्रशिक्षण में योगदान दिया।

सिटी डायरी

निगोहां प्रेस क्लब बना चैंपियन

ट्रॉफी के साथ चैंपियन टीम के सदस्य।

अमृत विचार, निगोहां : एसएन टी ग्राउंड में 25 दिसम्बर से चल रहे डॉ पीसी मिश्रा क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मैच में निगोहां प्रेस क्लब ने जीत हासिल किया। जहां दो मैच मैच खेले गए जिसमे एक सैमीफाइनल के बाद फ़ाइनल मैच खेला गया। सेमी फाइनल मैच निगोहां प्रेस क्लब व पीसीएम की टीम के बीच 13 ओवरों का खेला गया इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए निगोहां प्रेस क्लब की टीम ने अपनी धुँवाधार बेटिंग से 13 ओवरों में 188 रनों के विशाल लछ्य रखा वहीं लछ्य का पीछा करने उतरी पीसीएम की टीम ने 89 रन बनाकर आउट हो गई। वहीं फ़ाइनल मुकबला निगोहां प्रेस क्लब और रानू प्रधान इलैवन के बीच 16 ओवरों का बहुत ही रोमांचक खेला गया जहां टॉस जीतकर निगोहां प्रेस क्लब की टीम ने 101 रनों का लक्ष्य रखा वहीं लछ्य का पीछा करने उतरी रानु प्रधान इलैवन की टीम 16 ओवर में अपने 9 बिकेट खोकर 92 रन ही बना सकी और निगोहां प्रेस क्लब की टीम फाइनल विजेता बनी।

गैर शिक्षण कर्मचारियों को संबोधित करते कुलपति।

गैर शिक्षण कर्मचारियों के बिना शिक्षण संभव नहीं: प्रो. आरके मित्तल

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके मित्तल ने विश्वविद्यालय के गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को सम्मानित किया और कहा कि गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के बिना शिक्षण संभव नहीं होता। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने गैरशिक्षण अधिकारियों व कर्मचारियों से संवाद, सहभागिता और समन्वय पर दिया जोर दिया। विभिन्न संकायों व विभागों से संबंधित गैर शिक्षण अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवाद में कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव, वित्त अधिकारी डॉ. अजय कुमार मोहंती और पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. सुनील गोरिया उपस्थित रहे।

शाखा का घेराव करने पहुंचे गुस्साए लोग।

ग्राहक सेवा केंद्र से हेराफेरी

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र से लाखों रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। खाताधारकों का पैसा रहस्यमय तरीके से गायब होने के बाद गुस्साए लोग शाखा का घेराव करने पहुंचे। आरोप है कि केंद्र संचालक नरेंद्र कुमार, निवासी ग्राम बिगहूं, अधिक मुनाफा कमाने के लालच में खाताधारकों की रकम शेयर बाजार में लगा बैठा और नुकसान होने पर फरार हो गया। पीड़ितों में अजमतनगर निवासी किरन के 95 हजार, मुबारकपुर निवासी शिवकुमार के 40 हजार और सावित्री के 30 हजार रुपये शामिल हैं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और पुरुषों का रोष स्पष्ट नजर आया।

प्रतियोगिता | आठवां हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट

लखनऊ फॉल्कन और मिड विंटर सेमीफाइनल में

जीत के लिए संघर्ष करते खिलाड़ी। अमृत विचार

आज के मुकाबले

- आरए ब्वॉयज बनाम टेक्ट्रो ए
- उत्तर प्रदेश पुलिस बनाम लखनऊ फॉल्कन फुटबॉल क्लब
- टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कैंट स्थित दिलकुशा मैदान में शुक्रवार को खेले गए आठवें हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के मुकाबलों में लखनऊ फॉल्कन और मिड विंटर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। उत्तर प्रदेश पुलिस ने भी रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट के पहले मैच में उत्तर प्रदेश पुलिस का सामना गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ से हुआ। नौवें मिनट में सैयद के गोल से यूपी पुलिस को 1-0 की बढ़त मिली। स्पोर्ट्स कॉलेज के कई प्रयास असफल रहे और अंततः यूपी पुलिस ने 1-0 से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में लखनऊ फॉल्कन ने लखनऊ यूथ फुटबॉल क्लब को 3-0 से हराया। मैच के चौथे मिनट में अभिजीत ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में रिहान ने मात्र तीन मिनट में 52वें और 53वें मिनट में दो गोल कर फॉल्कन की जीत तय की।

तीसरे मुकाबले में मिड विंटर ने एक्सेल फुटबॉल क्लब को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। 10वें मिनट में सुधांशु ने गोल किया। दूसरे हाफ में शिवांश ने 59वें मिनट में गोल कर बढ़त 2-0 कर दी, जो अंत तक कायम रही।

सीएमएस के छात्रों ने बांटे 1500 कंबल

कंबल वितरण करता सीएमएस का छात्र।

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के विभिन्न कैम्पस के छात्र-छात्राओं ने जरूरतमंदों को 1500 से अधिक कंबलों का वितरण किया। सर्द रात में खुले आसमान के नीचे सो रहे लोगों ने कम्बल पाकर राहत की सांस ली और इस पुनीत कार्य के लिए छात्रों को आशीर्वाद दिया। छात्रों ने चारबाग रेलवे स्टेशन, बेगम हजरत महल पार्क, हनुमान सेतु, मेडिकल कालेज चौराहा, मनकामेश्वर मंदिर पर जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया।